हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 27 मई 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र



11 दो वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण शुरू



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** सिलाना गांव से पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम सिलाना गांव के आसपास गश्त कर रही थी। जब पुलिस की गाड़ी सिलाना गांव के बस अड्डे पर पहुंची तो एक युवक पुलिस को देखकर छुप गया। पुलिस ने युवक को काबू करके तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व एक गोली बरामद हुई। युवक की पहचान गांव हस्तसाल दिल्ली निवासी सन्नी के रूप में हुई है।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 27 को

**सोनीपत।** जिला के आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक अब 27 मई को आयोजित की जाएगी। पूर्व निर्धारित तिथि 28 मई की बजाय यह बैठक अब 27 मई को दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न होगी।

### मंदिर के दानपात्र चोरी करने का आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने मंदिर से दान-पात्र चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रामानंद सागर निवासी भैरा बाकेपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। भरनाखुर्द यूपी हाल में खटकड मंदिर निवासी रोहित ने बताया कि वह पूजारी के तौर पर मंदिर में कार्यरत है।

### जांच के दौरान पुलिस लाइन में भी सब अस्त व्यस्त मिला

# फौजी कॉलोनी में मिला डेंगू का लारवा, टंकियों के ढक्कन गायब



**सोनीपत।** पुलिस लाइन में टंकियों के खुले ढक्कन व जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।



**सोनीपत।** ड्रम में दवाई डालते हुए, जानकारी नोट करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को गोहाना रोड स्थित पुलिस लाइन व फौजी कॉलोनी में जांच अभियान चलाया। अभियान के तहत टीम को पुलिस लाइन में छतों पर रखी टंकियों पर ढक्कन तक नहीं मिले। टीम ने पुलिस लाइन में एन ब्लॉक, ओ ब्लॉक और डी ब्लॉक की छतों पर रखी गई 26 पानी की टंकियों की जांच की। टीम ने तुरंत टंकियां खाली कराईं और निर्देश दिए कि ढक्कन लगाने के बाद ही दोबारा पानी भरा जाए।

वहीं फौजी कॉलोनी में डेंगू का लारवा मिला। जिला डेंगू एवं मलेरिया अधिकारी डॉ. आशा सहरावत ने बताया कि खुले टंकियों में बारिश का पानी जमा हो सकता है, जिससे मच्छरों के पनपने का खतरा बढ़ता है। फौजी कॉलोनी में अभियान के दौरान 30 से अधिक घरों की जांच की गई, जहां एक कूलर, एक टंकी और एक गमले में डेंगू का लारवा मिला। इसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। मकान मालिकों को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी गई कि अगली बार लारवा मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अब तक डेंगू लार्वा की स्थिति

| जगह | जांच की | लारवा मिला |
|---|---|---|
| घर | 444507 | 2536 |
| होदी | 875011 | 94 |
| टंकी | 219583 | 191 |
| कूलर | 53979 | 121 |
| घरों के अंदर बर्तन | 533323 | 312 |
| घर के बाहर बर्तन | 2712 | 34 |
| नोटिस जारी | 163 | |

### जिले में सोमवार को डेंगू लारवा की स्थिति

| जगह | जांच की | लारवा मिला |
|---|---|---|
| घर | 13779 | 27 |
| होदी | 2047 | 03 |
| टंकी | 4233 | 11 |
| कूलर | 3154 | 10 |
| घरों के अंदर बर्तन | 20252 | 30 |
| घर के बाहर बर्तन | 234 | 12 |
| नोटिस जारी | चार | |



**सोनीपत।** बुजुर्ग के खुन की जांच करते।

### 161 टीमों को फील्ड में सक्रिय किया

*स्वास्थ्य विभाग ने बरसात के मौसम को देखते हुए डेंगू रोकथाम के लिए जिलेभर में 161 टीमों को फील्ड में सक्रिय किया है। 15 दिन बाद पुनः निरीक्षण किया जाएगा। लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। विभागीय आदेशों अनुसार लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उन्हें जागरूक करने के साथ जांच अभियान चलाया जा रहा है। ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके।*

*-डा. आशा सहरावत, नोडल अधिकारी सोनीपत।*

# खनन कंपनी ने रेत के टिल्लों से रोकी यमुना की जलधरा, खनन बंद करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राई



**राई।** गांव असदपुर के पास यमुना मेंरेत के बड़े टीलों के कारण नदी की धारा का प्रवाह भी प्रभावित की तस्वीरें ।

गांव असदपुर के पास यमुना में खनन कर रही लाइसेंसशुदा कंपनी ने खनन के दौरान नियमों की अनदेखी की है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कमेटी ने यमुना घाट का निरीक्षण किया तो इसमें कंपनी की भारी लापरवाही सामने आई। कंपनी भारी मशीनरी से यमुना नदी के अंदर रेत खनन कर रही थी। रेत के बड़े टीलों के कारण नदी की धारा का प्रवाह भी प्रभावित किया गया था। कई अवैध रास्ते बनाए गए थे। कमेटी की रिपोर्ट पर वाटर सर्विसेज के एसडीओ ने कंपनी को पत्र लिखकर खनन बंद करने के आदेश दिए हैं। वहीं हीं डीसी ने तीन अधिकारियों की कमेटी बनाकर जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सोनीपत के गांव असदपुर के पास यमुना में रेत खनन के लिए मैसर्ज जेलकोवा बिल्डकान प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस जारी किया गया है। सिंचाई विभाग के एसई आरके बोडवाल, एक्सईएन आशीष कौशिक, गुलशन कुमार और एसडीएओ हिमांशु की कमेटी ने 22 मई को गांव असदपुर में कंपनी की खनन साइट का जायजा लिया। अधिकरियों की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी रेत खनन में नियमों की भारी अनदेखी कर रही है। वहां पर भारी मशीनरी के जरिये रेत खनन किया जा रहा है, जबकि एनजीटी के आदेशों के अनुसार भारी मशीनरी का इस्तेमाल प्रतिबंधित होता है। मशीनों के जरिये यमुना के जल में से रेत निकालकर बड़े-बड़े टीले लगाए गए थे, इससे यमुना की धारा का प्रवाह प्रभावित हुआ है। कई अवैध रास्ते बनाए गए थे। यह सब खनन नियमों और एनजीटी के दिशा-निर्देशों की अवहेलना है। कमेटी ने जिला उपायुक्त, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और खनन विभाग के अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी।

### लाल डोरे के अंदर मालिकाना हक मिलने की समस्या होगी दूरः मेयर

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि लाल डोरे की प्रॉपर्टी के मालिकाना हक मिलने में आ रही समस्याओं को दूर किया जाएगा और निगम क्षेत्र में 14000 से ज्यादा प्रॉपर्टी मालिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र दिए जायेंगे। सोमवार को नगर निगम मेयर के कार्यालय में पार्षद हरी सैनी एवं लाला मुनीराम के नेतृत्व में अहमदपुर, कबीरपुर, जटवाड़ा समेत अनेक कॉलोनी से पहुंचे नागरिकों को फॉर्म भरने में आ रही परेशानियों को क्षेत्रीय कराधान अधिकारी राजेंद्र चुग्घ एवं अन्य कर्मचारियों को बुलाकर समस्याओं का निवारण करवाया। उन्होंने चंडीगढ़ बैठे अधिकारियों से बात करके स्पष्ट किया कि पानी या बिजली में से एक 10 साल पुराना बिल चाहिए।

# सेल्समैन व ट्रक चालक को गोली मारकर लूटने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के नाथूपुर के पास पेट्रोल पंप पर दो सेल्समेन और एक ट्रक चालक को गोली मार कर लूट की वारदात को अंजाम देने की वारदात में संलिप्त एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सूरज निवासी बिहार का है। पुलिस मामले में एनकाउंटर के बाद बिहार के एक हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपितों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। हाल में चौथे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। गांव नाथूपुर स्थित गर्व फिलिंग स्टेशन पर 27 अक्टूबर, 2024 की रात करीब साढ़े नौ बजे कार सवार चार बदमाश पहुंचे। उन्होंने वहां आते ही कई हवाई फायर किए। साथ ही पेट्रोल पंप के दो सेल्समैन व एक ट्रक चालक को गोली मार दी। उन्होंने सेल्समैन प्रदीप को सीने और दूसरे सेल्समैन संजीव के पैर व फिलिंग स्टेशन पर ट्रक में डीजल भरवाने आए चालक कश्मीरी के पैर में गोली मारी है।



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।


Tika Ram Education Society (Regd.) Sonipat
(An applaudable name in educational orbit)
Ch. Chhotu Ram
Ch. Tika Ram

CHHOTU RAM ARYA COLLEGE
Affiliated to Maharishi Dayanand University Rohtak
KAKROI ROAD, SONEPAT
Email : crasonepat@gmail.com, Website : www.cracollegesonepat.org
Accredited with B+ Grade by NAAC
Estd. 1951



ADMISSION OPEN 2025-26 Last Date of Registration 09.06.2025

COURSES OFFERED


Under Graduate Programmes
- B.A. (Multidisciplinary)
- B.A. with Major in Pol. Science
- B.Com
- B.Sc. (Life Sciences)
- B.Sc. (Physical Sciences)
- B.Sc (Computer Science)

Post Graduate Programmes
- M.A. English
- M.A. Pol. Sc.
- M.A. Hindi
- M.A. Geography
- M.Sc. Mathematics
- M.Sc. Chemistry
- M.Sc. Physics
- M.Com

Registration link :
https"//admissions.higheredulhry.ac.in/

For More Details and queries Contact : Dr. Tamanna + 91-90341-40380, Mr. Naveen + 91-87082-81899

Features / Facilities
• Highly Qualified & Experienced Faculty • Wi-Fi Campus • Well Equipped Laboratories • Industrial Visits • Excellent Results • Advanced Teaching Learning Progams • Placements Offered • Sports • Bus/Railway pass Facility • Scholarship of SC/ST • Fee Concession of Meritorious Students • Fee Concession for Parents less / Father less





Sh. Surinder Singh Dahiya
President
Tika Ram Education Society (REGD.)
Sonipat

Sh. Bhupender Singh Dahiya
General Secretary
Tika Ram Education Society
Sonipat

Tika Ram Education Society (Regd.) Sonipat
(An applaudable name in educational orbit)
Ch. Tika Ram
Sh. Om Parkash Dahiya

TIKA RAM GIRLS COLLEGE, SONIPAT
(Affiliated to Maharishi Dayanand University, Rohtak) NAAC Accredited B+ Grade
MISSION ROAD, SONIPAT - 131001 (HARYANA)
Email : principal.trgc@gmail.com, Website : www.trgc.edu.in
An Investment in Knowledge Pays the Best Interest



ADMISSION OPEN 2025-26 Last Date of Registration 09.06.2025
For More Details and queries Contact : Dr. Hemlata + 91-98122-13228, Mrs. Anita Rathi + 91-94168-10943

Courses & No. of Seats


| PG Courses | No of Seats | UG Courses | No of Seats |
|---|---|---|---|
| Master of Arts - English | 40 | Bachelor of Arts (Multi-Diciplinary) | 480 |
| Master of Arts - Political Science | 40 | Bachelor of Arts with Major In English | 30 |
| Master of Arts - Hindi | 40 | Bachelor of Science-Sports Science | 40 |
| Master of Arts - Psychology | 40 | Bachelor of Commerce (B.Com) | 160 |
| Master of Arts - History | 40 | Bachelor of Computer Application (BCA) | 60 |
| Master of Arts - Economics | 60 | Bachelor of Science (Physical Sciences) | 120 |
| Master of Arts - Geography | 60 | Bachelor of Physical Education (B.P.Ed.) | 50 |
| Master of Science - Maths | 40 | | |
| Master of Science - Computer Science | 40 | | |
| Master of Science - Chemistry | 30 | | |
| Master of Science - Physics | 30 | | |
| Master of Commerce | 60 | | |
| P.G. Diploma in Yoga Science | 60 | | |

Fee Concession
• Sister Concession • Fatherless/Motherless concession
• Post Matric Scholarship for SC/BC Students
• Centralised Merit Scholarship for Meritorious Students.
• Excellency in Sports • Excellency in Academic
• Excellency in Cultural

Salient Features
• Experienced & Proficient Dynamic Faculty. •Extensive Library. • Wi-Fi Campus. Fully Equipped ICT enabled labs & classrooms • Fully Equipped Yoga Lab & Gymnasium • Transport Facility for Urban / Rural Areas • Hostel Facility • Extra-Curricular Activities. • Platform for students exposure & nurturing their talents through various cultural, sports, Red Cross & NSS activities.

Admission Portal Link :
http://admission.highereduhry.ac.in





Sh. Surinder Singh Dahiya
President
Tika Ram Education Society (REGD.)
Sonipat

Sh. Bhupender Singh Dahiya
General Secretary
Tika Ram Education Society
Sonipat

हरिभूमि सहेली



बच्चों का हर समय मोबाइल गेम में लगे रहना या कुछ ना कुछ देखते रहना यानी मोबाइल एडिक्ट हो जाना, उसकी फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ के लिए भी खतरनाक है। एक तरह से मोबाइल एडिक्शन बच्चों का बचपन छीन रहा है। इसलिए बच्चों के स्मार्टफोन के ओवर यूज पर पैरेंट्स का समय रहते अलर्ट होना बहुत जरूरी है। हम दे रहे हैं आपके लिए जरूरी सलाह।

# स्मार्टफोन का ओवर यूज बच्चों के लिए अनहेल्दी

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चे स्कूली रूटीन में ही अपना काफी समय स्क्रीन पर गेम खेलने में बिताते हैं। इसलिए इन छुट्टियों में बच्चों को मिलने वाले फ्री समय के इस्तेमाल को लेकर बहुत ही सजगता की जरूरत है। हाल ही में सामने आया एक मामला हम सबको को चेताने वाला है। दिल्ली में मोबाइल पर गेम खेलने की लत के कारण एक उन्नीस साल के लड़के को रीढ़ की हड्डी की सर्जरी करवानी पड़ी। असल में बारह घंटे से ज्यादा वक्त तक अपने कमरे में अलग-थलग रहने की वजह से उसे आंशिक लकवा हो गया था। धीरे-धीरे उसकी रीढ़ की हड्डी झुक गई और उसका ब्लैडर पर कंट्रोल तक खोने लगा। पहले से चल रही स्वास्थ्य समस्याएं और तकलीफदेह हो गईं। मोबाइल गेमिंग एडिक्शन के कारण अस्पताल पहुंचने पर उसे चलने और यूरिन करने में भी मुश्किल हो रही थी। चिंतनीय है कि बच्चों में स्क्रीन पर गेम्स खेलने की लत से बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं अब खूब देखने को मिल रही हैं। अगर आपके परिवार में भी कोई बच्चा घंटों मोबाइल में गेम खेलता है, तो समय रहते चेत जाएं। खासतौर से इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को सकारात्मक और रचनात्मक ढंग से समय बिताने के लिए प्रेरित करें।

**अनजान ना बनें पैरेंट्स:** आज शहरी ही नहीं, गांवों-कस्बों में रहने वाले पैरेंट्स को भी इन गैजेट्स से होने वाली तकलीफों की जानकारी है। कमोबेश सभी जानते हैं कि इनका हद से ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह है। फिर भी आजकल घर-घर में बच्चे स्मार्ट गैजेट्स के साथ घंटों खेलते हैं। कहीं ना कहीं इस अनदेखी की वजह बड़ों का स्वार्थ या दायित्वहीनता भी है। इनके पास न बच्चों से बात करने का समय है, न ही खेलने का। ऐसे में स्मार्ट गैजेट्स बच्चों को बिजी रखने का सबसे सहज तरीका लगने लगे हैं। आजकल अधिकांश बच्चों के फुर्सत के लम्हे स्क्रीन स्क्रॉल करते बीत रहे हैं। पैरेंट्स के अपने काम में खलल न पड़ने की चाह तो कुछ बच्चों की मासूम मन की ख्वाहिश या कहें पैरेंट्स ने तकनीक से मिली सहूलियत को बच्चों की जिंदगी का अहम हिस्सा बनाकर समस्या खड़ी कर ली है। सब कुछ जानते-समझते की जा रही यह अनदेखी कई मामलों में बीमारियां पैदा कर रही है। यही वजह है कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में तो पैरेंट्स महंगी फीस चुका कर बच्चों को मोबाइल की लत से छुटकारा दिला रहे हैं।

**सजग होना होगा:** आंगन की चहचहाहट माने जाने वाले बच्चे स्क्रीन के दायरे तक सिमट कर व्याधियों के घेरे में आने लगें तो सचेत होना बहुत जरूरी है। इस फ्रंट पर परिजनों की भूमिका अहम हो जाती है, क्योंकि बच्चों का नासमझ मन, स्क्रीन के मन-मुताबिक चलने वाली दुनिया से बाहर नहीं आ सकता। ऑनलाइन खेल बच्चों को खूब पसंद आते हैं। ऐसे में घर के बड़ों का सचेत होना ही बच्चों को इनसे होने वाली शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकता है। पैरेंट्स स्मार्ट गैजेट्स के उन खतरों की अनदेखी न करें, जो नई पीढ़ी की सेहत और स्वभाव दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। व्यवहार और विचार के नेगेटिव बदलाव से लेकर शारीरिक तकलीफों के सामने आने तक, कई बातें यह पुख्ता कर रही हैं कि इन स्मार्ट गैजेट्स के जाल में फंस जाना बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो रहा है। इस मायावी दुनिया में खोए रहने से बच्चों की हेल्थ, बिहेवियर, ईटिंग हैबिट्स और सोशल लाइफ, सभी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। अफसोस कि स्मार्ट गैजेट्स की लत बच्चों में एक पूरी अस्वस्थ जीवनशैली को जन्म दे रही है।

**जीवनशैली बदलें:** भारतीय बच्चों के मामले में जेएमआईआर रिसर्च प्रोटोकॉल पत्रिका में 2024 की रिपोर्ट बताती है कि बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में नींद से जुड़ी परेशानी देखने को मिल रही है। छुट्टियों में बच्चों को सधी-स्वस्थ जीवनशैली की ओर मोड़िए। स्मार्ट गैजेट्स से दूरी के लिए जीवनशैली का बदलाव ही पहला कदम है। फुर्सत के ये दिन डिजिटल लाइफस्टाइल से दूर उनके साथ समय बिताने, आउटडोर गेम्स खेलने और सार्थक कम्युनिकेशन करने का मुफीद समय है। इसके लिए खुद पैरेंट्स भी इन गैजेट्स की जद से बाहर आएं। टेक्नोलॉजिकल रेवोल्यूशन के नाम पर जिंदगी से ही दूर होते पैरेंट्स खुद भी सचेत हों और फिर बच्चों को लती बनने से बचाएं। कम उम्र में इन गैजेट्स के साथ समय बिता रहे बच्चे परिवार और समाज से ही नहीं, खुद पैरेंट्स से भी दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की दुनिया में खेल खेलने में गुम बच्चों की एक अलग ही दुनिया बन जाती है। बच्चे वास्तविक संसार के बजाय वर्चुअल वर्ल्ड में सहज महसूस करने लगते हैं। गैजेट्स के साथ समय बिताते हुए बच्चे शारीरिक श्रम से ही दूर नहीं होते, मानसिक रूप से भी मेहनत करना भूल जाते हैं। ऑनलाइन गेम्स खेलते हुए किसी भी परेशानी से क्विट करने की आदत हो जाती है। संघर्ष की सोच और वास्तविक जीवन की समझ से परे बनने वाला उनका व्यक्तित्व, विचार और व्यवहार के मोर्चे पर दिशाहीन हो जाता है। ऐसी स्थितियां, असल जिंदगी में हर पहलू पर तकलीफें ही पैदा करती हैं, जो बच्चे के भविष्य के लिए सही नहीं हैं।



## खिलौने नहीं हैं स्मार्ट गैजेट्स

छुट्टियों में मिलने वाले समय को बिताने के लिए स्मार्ट गैजेट्स को खिलौने ना बनाएं। पैरेंट्स बच्चों को पहले आदत, फिर आगे चलकर इसे लत की स्थिति तक न पहुंचाएं। एक बार स्मार्ट स्क्रीन में गेम्स खेलने की लत लग जाने पर बच्चे इनके बिना खुश रहना ही भूल जाते हैं। तकलीफदेह है कि अब तो दादी, नानी के घर आए बच्चे भी ऑनलाइन गेम्स में ही गुम रहते हैं। पैरेंट्स समय बिताने का माध्यम समझ कर बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देने से पहले इनके खतरों को गंभीरता से समझें। इनसे पैदा होने वाले जोखिमों को याद रखें। अब यह जरूरी हो गया है कि बच्चों को गैजेट्स की दुनिया में खेलने या समय बिताने भर के लिए ना धकेल दिया जाए। मोबाइल में गेम्स खेलने की आदत पड़ जाए तो बच्चों को इनसे बाहर निकालना मुश्किल हो जाता है। आदत हो जाने पर कुछ बच्चे स्मार्टफोन या आईपैड ना देने पर जिद करते हैं, गुस्सा दिखाते हैं। व्यवहारगत समस्याएं देने वाली चीजें, बच्चों के लिए खिलौने नहीं हो सकतीं।



## बच्चे हो रहे हैं हताशा- डिप्रेशन-क्रोध के शिकार

प्रतिष्ठित विज्ञान पत्रिका प्लस वन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार स्मार्टफोन, बच्चों को दोस्तों और रिश्तेदारों से दूर कर रहा है। साल 2018 से 2024 के बीच जर्मनी में हुई 'लाइफ चाइल्ड स्टडी' में दुनिया भर के बच्चों को शामिल किया गया। अध्ययन में सामने आया कि मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा समय बिताने वाले बच्चों में हताशा, डिप्रेशन और क्रोध की चिंताजनक स्थिति देखी गई। साथ ही बच्चों में पीएसयू यानी प्रोबलेमेटिक स्मार्टफोन यूज की प्रॉब्लम स्पष्ट दिखने लगी है। इस स्थिति में स्मार्टफोन का इस्तेमाल इतना बढ़ जाता है कि यह बच्चों की नींद, पढ़ाई और पारिवारिक संबंधों पर नेगेटिव असर डालने लगता है। समझना मुश्किल नहीं कि छुट्टियां ही तो दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने का समय होता है। ऐसे में फुर्सत के ये दिन वास्तविक संसार से जुड़कर ही बिताएं।



---

नकारात्मक लोगों से बचें

# मजबूत होगा आत्मबल

नकारात्मक लोगों से बचने का एक ही रास्ता है, आत्मबल को मजबूत किया जाए। खुद के कामों पर ध्यान केंद्रित कर सकारात्मक लोगों के साथ रहें। इससे जीवन की राह आसान होगी और तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

सलाह
अनीता जैन



हमारे जीवन की राह हमेशा आसान नहीं होती। जैसे-जैसे हम सफलता की ओर बढ़ते हैं, वैसे-वैसे कुछ ऐसे लोग भी हमारे आस-पास आ जाते हैं, जो हमारी तरक्की से असहज महसूस करते हैं। वे हमारे आत्मबल को तोड़ने, हमारे कार्यों को नीचा दिखाने और हमें भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। कई बार तो ये लोग इतने करीब होते हैं कि उनकी कही बातें हमे सच्ची लगने लगती हैं। हमें संदेह होने लगता है कि हमारे लिए निर्णय सही हैं या गलत। ऐसे समय में यह समझना बहुत आवश्यक है कि ये नकारात्मक विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि दूसरों की विषैली सोच का परिणाम हैं। यदि हम इन बातों को अपने भीतर जगह दे दें, तो हमारा आत्मबल धीरे-धीरे टूटने लगता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर कोई हमारी सोच, हमारे रास्ते या हमारे फैसलों को समझ नहीं सकता। कुछ लोग जान-बूझकर हमारी मानसिक शांति भंग करते हैं, ताकि हम अपने मार्ग से भटक जाएं। लेकिन ऐसे समय में खुद पर विश्वास बनाए रखना बहुत जरूरी है। हमें यह समझने की जरूरत है कि यदि हमारी नीयत साफ और मेहनत सच्ची है तो कोई भी नकारात्मकता हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकती। जरूरत है, बस मानसिक मजबूती, सकारात्मक संगत और एकाग्रता की। नकारात्मक लोगों से कैसे बचा जाए, कैसे खुद को इतना मजबूत बनाया जाए कि उनकी कोई बात हमारे मन को प्रभावित न कर सके। इन बातों का जानना आपके लिए जरूरी है ताकि आपका अत्मबल कमजोर न पड़े।



**स्वयं को परखें:** जब कोई आपको बार-बार गलत साबित करने की कोशिश करे, तो सबसे पहले यह जांचें कि क्या आप वाकई किसी गलत रास्ते पर हैं? अगर नहीं, तो खुद पर विश्वास रखें। आत्मविश्वास ही वह ढाल है, जो नकारात्मकता के हर वार को निष्फल कर देता है।

**सीमाएं तय करें:** ऐसे लोगों से संवाद करते समय अपनी सीमाएं तय करें। अधिक निकटता या व्यक्तिगत बातचीत से बचें। सीमाएं तय करना, न तो असभ्यता है और न ही दूरी बनाना, बल्कि यह एक जरूरी आत्म-संरक्षण है।

**प्रतिक्रिया देने से बचें:** हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं होता। नकारात्मक लोग अकसर प्रतिक्रिया की तलाश में रहते हैं। चुप रहकर या मुस्कुराकर आगे बढ़ जाना कई बार सबसे सटीक उत्तर होता है।

**सकारात्मक लोगों के साथ रहें:** आप जिन लोगों के साथ रहती हैं, उनका असर आपके सोचने के तरीके पर भी होता है। सकारात्मक, प्रेरणादायक और सहयोगी लोगों के साथ रहने से आपका आत्मबल बना रहता है।

**अपने कार्य पर केंद्रित रहें:** जब कोई आपको गिराने की कोशिश करे, तब अपने काम में और भी अधिक मन लगाएं। आपका समर्पण ही ऐसे लोगों को मूक उत्तर दे सकता है।

**ध्यान-योग का सहारा लें:** नकारात्मकता से घिरे रहने पर मन अशांत हो जाता है। ऐसे में नियमित ध्यान और योग से मानसिक शांति मिलती है। यह न केवल तनाव को दूर करता है, बल्कि अंदर से मजबूती भी देता है।

**खुद को याद दिलाएं:** लोग क्या कहते हैं, उससे ज्यादा जरूरी यह है कि आप क्या कर रहे हैं? समय आने पर सच्चाई सामने आती है और मेहनत रंग लाती है।

---

वास्तु-सलाह
मधु सिंह

घर की सजावट में विंड चाइम्स का प्रयोग सदियों से होता रहा है। वास्तु शास्त्र में इसकी सजावट से घर में आने वाली पॉजिटिविटी के बारे में बताया गया है। लेकिन इसकी सजावट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# घर में सुख-समृद्धि लाएं विंड चाइम्स



विंड चाइम्स, सिर्फ घर के भीतर की सजावट के लिए यूज होने वाला एक डेकोरेटिव आइटम ही नहीं है। इसे सजाने से घर के बरामदे या बागीचे की शोभा बढ़ती है। इनसे टकराकर जब हवा गुजरती है तो इनसे जो मधुर ध्वनियां निकलती हैं, उससे घर में नेगेटिव वाइब्स दूर होती हैं और हमारे आस-पास का वातावरण शांत-पॉजिटिव हो जाता है।

**घर में आती है सकारात्मकता:** हवा के झोंके विंड चाइम्स की झनकार को बाहरी तौर पर ही नहीं, हमारे मन में भी गुंजायमान करते हैं। ये हमारे भीतर भी संगीत लहरी निर्मित करती है। इससे हम खुद को प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़ा महसूस करते हैं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक विंड चाइम्स में बजने वाली ध्वनि का कंपन हमारे भीतर एक नई ऊर्जा का संचार करता है। यह हमारे जीवन में सौभाग्य, सुख, समृद्धि लाता है, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है।

**सदियों पुरानी है परंपरा:** विंड चाइम्स का उपयोग मानव सभ्यता में हजारों सालों से होता आ रहा है। आध्यात्मिक तौर पर भी इसका काफी महत्व माना जाता रहा है। इसकी हर झनझनाहट को प्रकृति का संदेश माना जाता है। यही वजह है कि विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं में इसका खासा महत्व है। अपने घर और आस-पास के माहौल को शांत और सकारात्मक बनाने के लिए अपने गार्डन, बरामदे या घर के किसी भी हिस्से में आप विंड चाइम्स लगा सकती हैं। लेकिन उसे लगाने से पहले कुछ बातों पर गौर करना चाहिए।


**सही पीस का चुनाव करें:** जिस भी जगह के लिए आप विंड चाइम खरीदना चाह रही हैं, उस जगह के अनुरूप ही मिट्टी, कांच, लकड़ी, धातु या सिरेमिक की विंड चाइम ले सकती हैं। विंड चाइम्स, खोखली नली वाली ही खरीदनी चाहिए, इससे मधुर ध्वनि आती है। पीतल या स्टील की बनी विंड चाइम में रॉड की संख्या 6 से 7 होनी चाहिए। अगर बांस की बनी विंड चाइम हो तो इसमें रॉड की संख्या तीन-चार होती है। यह विंड चाइम ईको फ्रेंडली होती है। इससे घर में पॉजिटिव और नेचुरल वाइब्स आती हैं।

**सही आकार का चयन:** विंड चाइम्स कई आकार के होते हैं। विभिन्न ज्योमेट्रिकल डिजाइन आकार के अलावा सर्पिल, घंटियों के आकार का, गोलाकार, बेलनाकार में भी विंड चाइम्स मिलते हैं। आप अपनी पसंद की किसी भी रंग और डिजाइन का सेलेक्शन कर घर सजा सकती हैं।

**सही दिशा में लगाएं:** विंड चाइम्स को घर में सही दिशा में लगाने के पीछे भी वास्तु के नियम बताए गए हैं। जैस-धातु की बनी विंड चाइम पश्चिम या उत्तर-पश्चिम में लगानी चाहिए। लकड़ी से बनी विंड चाइम पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा के लिए सही होती है। सिरेमिक की बनी विंड चाइम्स को दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पूर्व या घर के सेंटर में लगाना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार धातु के विंड चाइम को कभी पूर्व में और लकड़ी के विंड चाइम को दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं लटकाना चाहिए।


**विंड चाइम का रंग-संख्या :** चीनी वास्तु शास्त्र फेंगशुई में अलग-अलग रंगों की विंड चाइम को अलग-अलग अर्थों और तत्वों से जोड़कर देखा जाता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए येलो कलर के विंड चाइम्स को उत्तर-पश्चिम दिशा में लटकाना चाहिए। व्हाइट और सिल्वर कलर की विंड चाइम को पश्चिमी दिशा में लगाने से परिवार के सदस्यों के बीच प्यार बढ़ता है। गार्डेन में लगाने के लिए ग्रीन कलर के विंड चाइम्स का चयन करें। बच्चों के कमरे के लिए यलो कलर के मेटलिक विंड चाइम का चयन करें।

---



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तेज धूप से स्किन प्रोटेक्शन यूज करें होममेड सनस्क्रीन



सूरज की किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आप चाहें तो घरेलू चीजों से ही नेचुरल सनस्क्रीन बना सकती हैं। हम आपको यहां बता रहे हैं कुछ सनस्क्रीन बनाने के तरीके।

**खीरा-गुलाब जल:** खीरे का इस्तेमाल आप सनस्क्रीन लोशन बनाने के लिए कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें, फिर इसका पूरा रस निकाल लें। अब इसमें गुलाब जल मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को आप सनस्क्रीन की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। ठंडी तासीर की वजह से यह लोशन आपको ठंडक का अहसास भी देगा।

**नारियल-जैतून तेल:** नारियल और जैतून तेल से बनी सनस्क्रीन त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसे बनाने के लिए आधे कप नारियल तेल में ऑलिव ऑयल की 15 बूंदें डालें। अब इसमें 7 बूंद कैरट सीड ऑयल मिलाएं और इसे एक कांच की बोतल में भरकर रख दें। आप इसे लंबे समय तक सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।

**शिया बटर-बादाम तेल:** कांच के एक कटोरे में दो चम्मच बादाम का तेल, एक चम्मच शिया बटर, एक चम्मच कोको बटर, विटामिन के कैप्सूल, जिंक ऑक्साइड आधा चम्मच लें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक एयर टाइट कंटेनर में रख लें और बाहर जाने से 15-20 मिनट पहले इसे लगा लें।



**विटामिन ई-जिंक ऑक्साइड:** इस सनस्क्रीन को बनाने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 4-5 बूंद विटामिन ई का तेल, 1 चम्मच सूरजमुखी का तेल और 2-3 चम्मच जिंक ऑक्साइड को कांच के कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में रख दें। अपनी सुविधा के अनुसार धूप में जाने पर हर दो तीन घंटे के बाद इसे लगा सकती हैं। जिंक ऑक्साइड यू वी ए और यू वी बी दोनों किरणों को ब्लॉक करता है।

**एलोवेरा और शिया बटर:** 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 1-2 चम्मच नारियल तेल, 3-4 चम्मच शिया बटर और 3-4 चम्मच जिंक ऑक्साइड को एक कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एक प्लास्टिक के डिब्बे में डालकर फ्रिज में रख लीजिए। धूप में जाने पर हर दो घंटे बाद नियमित रूप से उपयोग कीजिए।

---

मेडिकल एडवाइस
डॉ. अंशुल जिंदल
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
जिंदल अस्पताल, मेरठ

पीरियड्स साइकिल को लेकर अवेयरनेस के अभाव से कई बार महिलाओं को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे (28 मई) के अवसर पर आपके लिए जरूरी सलाह।

# हर महिला के लिए है जरूरी मेंस्ट्रुअल हाइजीन का रखें ध्यान



तकनीकी तौर पर समाज में बहुत विकास हुआ है लेकिन कुछ मामलों में अभी भी संकीर्ण सोच बनी हुई है। महिलाओं में होने वाली माहवारी यानी पीरियड्स को लेकर भी बहुत सी महिलाओं में जागरूकता का अभाव है। आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करोड़ों महिलाएं हर महीने पीरियड्स साइकिल से गुजरती हैं। लेकिन इनमें से तकरीबन 50 प्रतिशत महिलाओं को ही सेनिटरी पैड, टैंपून, मेंस्ट्रुअल कप, पीरियड्स पैंटी जैसे सुरक्षित मासिक धर्म उत्पाद मिल पाते हैं। अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी हैं, जो अपने पीरियड्स के दौरान सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले कपड़ों से लेकर, अखबार, घास का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। कई टीनएजर लड़कियों को तो पीरियड्स के बारे में कोई जानकारी ही नहीं होती है।

**हो सकती हैं गंभीर बीमारियां:** पीरियड्स के दौरान सफाई का ध्यान ना रखने से महिलाएं फंगल इंफेक्शन, यूरीनरी ट्रैक इंफेक्शन और रिप्रोडक्टिव ट्रैक इंफेक्शन का शिकार बन सकती हैं। ये इंफेक्शन फैल कर न केवल लड़कियों को मां बनने के सुख से वंचित कर सकता है, उनको सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

**वेजाइनल इंफेक्शन:** पीरियड्स के दौरान गंदा कपड़ा या कोई और गंदी चीज के इस्तेमाल करने से प्राइवेट पार्ट्स साफ नहीं हो पाते। इससे वहां मौजूद अच्छे बैक्टीरिया की मात्रा कम होती है और कैंडिडा नामक यीस्ट की मात्रा बढ़ जाती है। इससे कैंडिडिआसिस नामक इंफेक्शन हो सकता है।

**सर्विक्स इंफेक्शन:** प्राइवेट पार्ट में गंदगी रहने से गर्भाशय के मुख पर इंफेक्शन हो जाता है। इससे बांझपन और कैंसर भी हो सकता है

**फैलोपियन ट्यूब इंफेक्शन:** फैलोपियन ट्यूब में अंडे और स्पर्म फर्टिलाइज होते हैं। पीरियड्स हाइजीन का ध्यान न रखने से इंफेक्शन यहां तक पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे महिलाएं कंसीव नहीं कर पाती हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** पीरियड्स के दौरान प्राइवेट पार्ट्स की सफाई ठीक तरह से न होने से इस कैंसर के होने का खतरा बढ़ जाता है। देश में हर साल सर्वाइकल कैंसर के करीब डेढ़ लाख मामलों में कम उम्र की लड़कियों की भी अच्छी-खासी संख्या होती है।

**यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन:** माहवारी के दौरान उपयोग किया जाने वाला कपड़ा या पैड अगर देर तक गीला रहे, तो यूरिनरी ट्रैक में इंफेक्शन हो सकता है। औरतें काम की भागदौड़ या अन्य कारणों से, अकसर काफी देर तक यूरीन पास करना इग्नोर करती हैं। पीरियड्स के दौरान अगर समय पर यूरीन पास न करें और अपने प्राइवेट पार्ट्स स्वच्छ न रखें तो उन जगहों पर बैक्टीरिया पनप सकतें हैं। इनके कारण यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन भी हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान:** यहां बताई गई बीमारियों और इंफेक्शंस से बचाव के लिए कुछ यूजफुल टिप्स बता रहे हैं। ब्लीडिंग के दौरान सेनेटरी पैड को इस्तेमाल करते समय किसी भी तरह की हिचक न महसूस करें। पैड बदलने से पहले और बाद में हैंड वॉश करना न भूलें। कम से कम 4 से 5 घंटे में एक सेनेटरी पैड जरूर बदल लें। पीरियड्स का फ्लो ज्यादा है तो 2-3 घंटे या उससे पहले भी सेनेटरी पैड बदल लें। नए सेनेटरी नैपकिन लगाने से पहले वेजाइनल भाग को हमेशा साफ करें। पीरियड्स के बाद वेजाइना एरिया के आस-पास स्वच्छ पानी से धोएं।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 30 को होगी

**सोनीपत।** जिला के आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक अब 30 मई को आयोजित की जाएगी। पूर्व निर्धारित तिथि 27 मई की बजाय यह बैठक अब 30 मई को दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न होगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे।

### दुकान का शटर तोड़कर नकदी और सामान चोरी

**सोनीपत।** शहर के दयाल चौक पर चोर एक दुकान का शटर तोड़कर नकदी, सिगरेट और बीड़ी के पैकेट चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना सिविल लाइन की पुराना शहर चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जमालपुरा के रहने वाले महेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह दयाल चौक पर फौजी बीड़ी स्टोर के नाम से दुकान चलाते हैं। रात को वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दुकान पर पहुंचे तो दुकान का शटर टूटा हुआ था। अंदर जाकर जांच की तो गल्ले में रखे करीब 20 हजार रुपये गायब थे। दुकान से सिगरेट और बीड़ी के 20 पैकेट भी गायब थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**खरखौदा।** खांडा गांव से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। अमित कुमार ने बताया कि वह खरखौदा में गाड़ी ठीक करने का काम करता है। उसका बड़ा भाई सुनील वाटर कूलर ठीक करने का काम करता है। 24 मई को सुबह 10 बजे भाई सुनील उसके पास खरखौदा बाइक खड़ी कर रोहतक काम से जाने के लिए कह कर गया था। लेकिन वह शाम तक वापस नहीं आया। अपने स्तर पर सभी जगह उसे तलाश किया है, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उन्हें शक है कि उसके भाई को किसी ने बंधक बनाकर छुपाया हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### रा. कन्या स्कूल से 17 कंप्यूटर चोरी

**खरखौदा।** स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से 17 कंप्यूटर चोरी हो गए हैं। प्राचार्या नीलम के अनुसार सोमवार की सुबह विद्यालय खुला हुआ था और कक्षाएं भी नियमित रूप से चली हुई थी। लेकिन दूसरे पीरियड में छात्राएं लैंग्वेज लैब में गई। वहां उन्हें कंप्यूटर दिखाई नहीं दिए। सूचना मिलने के बाद लैब का निरीक्षण किया गया। जिसमें 17 कंप्यूटर नहीं मिले। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता एक जून से

**सोनीपत।** शहर स्थित लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में 43वां जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिला बैडमिंटन एसोसियेशन द्वारा 1 जून से 06 जून तक आयोजित की जा रही है। चैंपियनशिप बालक व बालिका के विभिन्न आयु वर्गों (अंडर-11, 13, 15, 17, 19) व महिला और पुरुषों के लिए आयोजित की जाएगी। जिसमें सिंगल्स की एंट्री फीस 500 रुपये और डबल्स की एंट्री फीस 1000 रुपये है। इस प्रतियोगिता की एंट्री फीस 31 मई शाम 5 बजे तक लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के बैडमिंटन हॉल में ली जाएगी।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला कल

**सोनीपत।** जिला रोजगार कार्यालय, सोनीपत द्वारा 28 मई (बुधवार) को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सोनीपत के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी सविता लाम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में 10 प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, जो विभिन्न पदों पर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। रोजगार मेले में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, 12वीं पास, आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक युवा भाग ले सकते हैं।

---

राज्य सरकार से मांगी सेवा सुरक्षा की गारंटी

# हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

**मुख्यमंत्री ने जल्द ही सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। हुकटा का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हुकटा ने राज्य सरकार से सेवा सुरक्षा की गारंटी देने सहित अन्य मांगें पूरी करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द ही सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय मलिक और उपाध्यक्ष डॉ. शर्मिला यादव ने कहा कि जब तक सेवा सुरक्षा नहीं होती तब तक शिक्षा विभाग द्वारा सभी यूनिवर्सिटीज के कुलपतियों को पहले से कार्यरत अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों की सेवा सुरक्षा होने तक नई स्थायी भर्ती करते समय हमारे पदों को भरा हुआ मानकर बाकी रिक्त पदों पर भर्ती करने का निर्देश जारी करवाया जाए। भविष्य में समय रहते यह उचित कदम नहीं उठाया गया तो इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी, मीरपुर रेवाड़ी के जैसी स्थिति एमडीयू रोहतक में 65, बीपीएस महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में 120 अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों व इसी क्रम में अन्य विश्वविद्यालयों में पहले से कार्यरत अनुबंधित शिक्षकों के साथ कभी भी उत्पन्न हो सकती है। इस अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से डॉ. रेखा बिश्नोई, डॉ. मोनिका, डॉ. बीरबल कौशिक, डॉ. रवीश, डॉ. पुलकित व आईजीयू, रेवाड़ी से डॉ. जोगिंदर एवं बीपीएस महिला युनिवर्सिटी खानपुर कलां सोनीपत से डॉ.अमित मलिक अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार मलिक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हुकटा को आश्वस्त किया है कि उसके प्रतिनिधिमंडल की बैठक उच्च अधिकारियों से करवाकर सेवा सुरक्षा से संबंधित ड्राफ्ट पर सकारात्मक सुझावों पर विचार कर जल्द ही सेवा सुरक्षा प्रदान कर दी जाएगी। तब तक किसी का रोजगार नहीं जाने दिया जाएगा।

---

# 41 लोगों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

- किसी की जान बचाने के लिए रक्तदान जरूर करें : वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह आर्य।

भगवान परशुराम चौक में आयोजित भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 1 महिला समेत 41 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन स्टार रक्तदाता एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास का रहा। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट विकास नरवाल रहे। शिविर के मुख्य अतिथि गोहाना बार एसो के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्तदान करना अति आवश्यक है। आज के समय सडक़ दुर्घटनाएं बहुत अधिक हो रही हैं। दुर्घटनाओं में रोजाना काफी लोग घायल हो जाते हैं। अस्पतालों में उपचार के दौरान कई बार आपात स्थिति में उनको रक्त की जरूरत पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब अस्पताल के रक्त बैंक में रक्त उपलब्ध होगा तभी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त मिल सकेगा। अस्पतालों में उपचाराधीन अन्य मरीजों को भी आमतौर पर रक्त की जरूरत पड़ जाती है। ऐसे में रक्तदान जरूर करें ताकि रक्त की कमी से किसी व्यक्ति की जान न जाए।



गोहाना। विद्यार्थियों को संबोधित करे आचार्य यज्ञदत्त। फोटो : हरिभूमि

### अहिल्याबाई होलकर को किया नमन

**गोहाना।** जेएलएन वमावि गोहाना में सोमवार को एनएसएस के एक दिवसीय शिविर में महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर पर व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा एवं प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन शर्मा द्वारा की गई।मुख्य अतिथि सामाजिक समरसता मंच से यज्ञदत्त, सतीश और आनंद थे। समारोह में अतिथिगणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। आचार्य यज्ञदत्त ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर एक कुशल राजनीतिज्ञ थीं। उन्होंने कला दर्शन, कृषि, कुटीर उद्योग, सामाजिक सुधार, महिला शिक्षा एवं संस्कृति को प्राथमिकता दी और आगे बढ़ाने का काम किया। उनका जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायी है।

### बाल संस्कार कैंप में बच्चों को आत्म रक्षा के गुर दिए

**गोहाना।** भारत विकास परिषद (भाविप) की गोहाना शाखा द्वारा सोमवार को हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर शुरू किया गया। शिविर की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। प्रांतीय महिला इकाई की प्रतिनिधि ज्योति ने विद्यार्थियों को एकात्मता मंत्र, प्रातः स्मरण मंत्र, देश भक्ति गीत व शांति पाठ सिखाया। कोच अनिल भारद्वाज ने बच्चों को आत्म रक्षा के गुर सिखाए। नागरिक अस्पताल गोहाना से डेंटल सर्जन डा. राकेश रोहिल्ला ने दातों की देखभाल ओर हाथों की सफाई के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। संस्कार मंजू मित्तल देश से संबंधित प्रश्नों की प्रश्नोत्तरी कराई। सभी बच्चों को भारत को जानों की पुस्तक दी गई। प्राचार्य सुदेश उप्पल, शाखा अध्यक्ष प्रमोद गोयल, सचिव सीमा जैन, ललित गोयल, मानसी अरोड़ा, सुमन नारंग, पूजा जैन रहे।



### लिंगानुपात सुधार में आशा वर्कर्स का अहम योगदान

**सोनीपत।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और लिंगानुपात सुधार की दिशा में ठोस प्रयास करते उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सोमवार को जिले के माजरी, किड़ौली और आनन्दपुर झरोठ गांवों में लिंगानुपात को लेकर समीक्षा मीटिंग में संबोधित कर रहे थे। ये गांव लिंगानुपात के दृष्टिकोण से पिछड़े हुए हैं। उपायुक्त ने इन गांवों के सरपंचों, पंचों, चिकित्सा अधिकारियों, एएनएम और आशा वर्करों को इस दिशा में विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का नामांकन गर्भावस्था के प्रथम आठ सप्ताह में ही आंगनवाड़ी केंद्र में सुनिश्चित किया जाए।

### कैंपस स्कूल के बच्चों ने परीक्षा में बाजी मारी

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के शिक्षकों ने इस प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि 4 मई को गोहाना स्थित एएस कैंपस में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा करवाई गई थी। परीक्षा का परिणाम 23 मई को घोषित किया गया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमताओं का मूल्यांकन करना और उनकी योग्यता को पहचानना था। डॉ. सुशील ने बताया कि परीक्षा में स्कूल के कक्षा 9वीं के देव ने समग्र तीसरा स्थान अर्जित कर 1100 रुपये का नकद पुरस्कार और सातवीं कक्षा की छात्रा ओजस्वी ने 7वां स्थान अर्जित कर शीर्ष 10 विद्यार्थियों की सूची में अपना नाम दर्ज करवाया।



गोहाना। गुरुजनों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सामूहिक जन्मोत्सव मनाया

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में सामुदायिक केन्द्र सैक्टर 14 सोनीपत में मई मास में जन्म लेने वाले सदस्यों का सामूहिक रूप से जन्मोत्सव मनाया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी के ब्रह्मत्व में गायत्री मंत्र के उच्चारण तथा यज्ञ हवन द्वारा किया गया। सर्व प्रथम पिछली अवधि में दिवंगत सदस्यों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रभु भक्ति के भजन, देश भक्ति के गीत, ग़ज़लें और कविताऐं प्रस्तुत की गई जिससे समस्त सदस्य भावविभोर हो गए। कार्यक्रम में 26 सदस्यों का जन्म दिवस मनाया गया और उन्हें खूबसूरत बै, अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट करके सम्मानित किया। प्रमुख संरक्षक इंजी महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी द्वारा सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना के साथ बधाई दी है। परिषद प्रधान इंजी बीआर आहूजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जबकि राम फल वर्मा ने मंच का कुशल संचालन किया। डा. डीबी रावल, संरक्षक इंजी पी एलावादी, लाजपत मुंजाल आदि मौजूद थे।

### योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** जिले में 21 जून को मनाए जाने वाले 11 वें अतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु शहर के हैबीटेट क्लब में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षण के पहले दिन जिले के योग समितियों के योग शिक्षक, खेल विभाग के योग प्रशिक्षण एवं आयुष योग सहायकों के द्वारा सरकारी एवं निजी स्कूलों के प्रवक्ता शरीरिक शिक्षकों, पीटीआई व डीपीआई इन सभी को प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि योग प्रशिक्षण के दौरान सभी को योग की विभिन्न मुद्राओं को करवाया गया व उनके फायदे भी बताए गए। बताया कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्ययात्मिक विकास को बढ़ावा देता है व प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार से शांति भी मिलती है। बताया कि योग प्रशिक्षण 28 मई सुबह से शाम तक दिया जाएगा।



सोनीपत। प्रशिक्षण शिविर में योगा करते हुए। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। कायर्कम के दौरान मौजूद बुजुर्ग व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में खाना खिलाया

**सोनीपत।** अभियान फाउंडेशन के संरक्षक रहे स्वर्गीय पुरूषोत्तम शर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर उनके परिजनों व साथियों ने वैस्ट रामनगर में सूरी पैट्रोल पंप वाली गली स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा की। उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रही बुजुर्ग महिलाओं व पुरूषों को भोजन करवाया और उन्हें आवश्यक सामग्री भेंट कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इससे पहले स्वर्गीय पुरूषोत्तम शर्मा की मूर्ति पर वर्मा पैथलैब के प्रमुख प्रवीण वर्मा ने बताया कि पुरूषोत्तम शर्मा न केवल बेहतर वक्ता एवं लेखक थे बल्कि समाजसेवक भी रहे हैं। उन्होंने अनेक अवसरों पर जरूरतमंदों की सहायता की है। वृद्धाश्रम के संचालक आनंद कुमार ने बताया कि आश्रम में 25 से ज्यादा बुजुर्ग रहते हैं, जिनकी सेवा के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। कहा कि वे 36 वर्षों से बुजुर्गों के लिए सेवारत हैं।



सोनीपत। बच्चों को समझाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कैंप में 250 बच्चों ने करवाई जांच

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा जैन मिलन चिंतामणि के संयुक्त सहयोगी से डेंटल कैंप का निशुल्क आयोजन सेक्टर-12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में किया गया। फ़ैमिली डेंटल हस्पताल के डॉ वरुण शर्मा व डा. स्वाति शर्मा ने अपनी निशुल्क सेवाएं दी जिसमें उन्होंने बच्चों को पहले समझाया दांत की देखभाल कैसे करनी चाहिए। स्प्रेड स्माइल पाठशाला सेक्टर 12,15,23 व निकट बस स्टैंड में से सभी से कुछ कुछ बच्चो ने आके अपने दांत की जाँच करवाई और लगभग बच्चों ने कैंप का लाभ लिया। जैन मिलन चिंतामणि की और से बच्चों को टूथपेस्ट व टूथब्रश दिए गए। कैम्प लगाना तो आसान होता है परंतु जिन बच्चों को इलाज की जरूरत है उसका खर्च कैसे उठाया की समस्य खड़ी हो जाती है, परंतु स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन का विशेष प्रयास रहता है की कैंप के माध्यम से पूरी मदद हो यह केवल जाँच न रहे ,बल्कि जरूरतें वालो का इलाज भी हो। इसलिए डा. वरुण ने कहा जिन सभी 50 बच्चो के दाँतो में इलाज की आव्यशकता है उन सभी का फ्री में इलाज किया जाएगा और उनके दाँत स्वस्थ हो जाएँगे।

# फरमाणा स्कूल के 25 छात्र एनसीसी के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा




राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल फरमाणा में सत्र 2025 के लिए एनसीसी कैडेट्स की भर्ती का कार्य फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक के कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण सिंह बधवार (सेना मैडल) और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़, सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह के निर्देशन में हुआ। विद्यालय के प्रांगण में चयन कार्य, कैप्टन नरेन्द्र दहिया व बटालियन से उपस्थित हवलदार ओंकार सिंह, हवलदार भूपेंद्र सिंह मलिक की देखरेख में पूर्ण किया गया। चयनित कैडेट्स को संबोधित करते हुए एन सी सी अधिकारी कैप्टन नरेन्द्र दहिया ने एनसीसी में बतौर कैडेट्स चयनित होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी आर्मी के बाद सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है, जो छात्रों को सेना की गतिविधियों के अनुरूप तैयार कर कर्त्तव्यपरायणता में तत्परता के साथ आगे बढ़ने के लिए संगठित करता है।सभी कैडेट्स को इसके ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को स्वयं में आत्मसात करना है। भर्ती प्रक्रिया का आधार विद्यार्थियों की उपयुक्त आयु, मेडिकल फिटनेस, शारीरिक दक्षता लिखित परीक्षा और कैडेट्स बनने की प्रबल इच्छा रही। इसमें कुल 39 छात्रों ने भाग लिया जिस में से कुल 25 कैडेट्स का चयन किया गया। प्राचार्या सुनीता, राजबीर दहिया, महावीर दत्त,सुनील गहलोत, सुनील पी टी आई, संजय मलिक, देव प्रकाश, पूनम सरोहा, ज्योति,नीलम, पूनम राणा,मीनाक्षी, पूनम हुड्डा, रेनू मलिक, सुरेश आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### जागरूकता शिविर का आयोजन


**सोनीपत।** महिलाओं को उनके अधिकारों और सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक अशुं जैन द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी घसीटा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ अध्यापकगण एवं अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अशुं जैन ने महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संकट की स्थिति में महिलाएं वन स्टॉप सेंटर पर 5 दिनों तक निःशुल्क रह सकती हैं। सेंटर पर मेडिकल, कानूनी, पुलिस सहायता व परामर्श जैसी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर काउंसलर शिल्पी, हेड कांस्टेबल सीमा, लिपिक बिजेंद्र, विद्यालय प्राचार्या हरकौर तथा अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

---

वाहन चालकों के लिए सुगम होगा सड़क पर आवागमन

# दो वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गुमड़ से खेड़ी गुर्जर रोड तक नवनिर्मित सड़क। फोटो :हरिभूमि

पिछले दो वर्षों से अधूरी पड़ी गुमड़ से खेड़ी गुर्जर रोड तक जाने वाली सड़क पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क पर डामर की पहली परत बिछा दी गई है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में अब सुगमता आ गई है। इस सड़क को अब 12 फुट से 18 फुट चौड़ा किया गया है। जिससे इस सड़क मार्ग पर आवाजाही वाहन चालकों के लिए सुगम हो गई है। गौरतलब है कि यह सड़क पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में थी। जिसके चलते दो साल पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा इस सड़क का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। उस समय सड़क के कुछ हिस्से पर रोड़ा भी डलवा दिया गया, लेकिन उसका निर्माण नहीं किया गया। ऐसे में किसानों व सड़क से गुजरने वाले छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। काफी किसान अपनी फसलों को लेकर इस सड़क से गुजरते हैं, लेकिन सड़क निर्माण न होने की वजह से उनके ट्रैक्टरों के पहिये पंक्चर हो रहे थे। वहीं साइकिल व स्कूटी पर स्कूल जाने वाले छात्र भी आए दिन सड़क पर गिर कर घायल हो रहे थे। जिस वजह से लोग इस सड़क का निर्माण जल्द करवाने की मांग कर रहे थे।

**डेढ़ करोड़ होंगे खर्च**

विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि सड़क निर्माण पर करीब डेढ़ करोड रुपये खर्च किए जाएंगे। 5 किलोमीटर लंबी सड़क को 12 फुट से बढ़ा कर 18 फुट चौड़ा किया जाएगा। सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। पहली परत बिछा दी गई है। जल्द ही दूसरी परत भी बिछा दी जाएगी। वर्षा के कारण कार्य कुछ समय के लिए बाधित हुआ, लेकिन मौसम साफ होते ही इसे पुनः शुरू कर दिया जाएगा।

# सबसे दूरदर्शी महिला शासको में से एक थी लोकमाता होलकर: पौड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

काठमंडी गुढ़ा रोड गोहाना स्थित गांधीनगर की गुरु रविदास चौपाल में सोमवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

मुख्य वक्ता मोर्चे के जिला कार्यकारिणी सदस्य सतबीर पौड़िया ने कहा महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने कुशल शासन, परोपकार और धैर्य के प्रति समर्पण के कारण प्रसिद्धि प्राप्त की। उन्होंने जनता के जीवन में सुधार के लिए कार्य किए जिनमें राज्य में शांति और समृद्धि, मंदिरों का निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं का विकास और सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण शामिल हैं। जयंती समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी सरोज देवी ने की। उनके अनुसार अहिल्याबाई के मुख्य योगदानों में 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ मंदिर है, जिसका जीर्णोद्धार महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने करवाया था। बनारस का काशी विश्वनाथ मंदिर भी उन्हीं की देन है।

**सूचना**

मैं, कर्मबीर पुत्र श्री सूबे सिंह निवासी गांव ककरोई तहसील व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नितिन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### दो पिस्तौल और तीन गोलियों सहित दबोचा

**गन्नौर।** क्राइम यूनिट गन्नौर पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजवीर उर्फ मीठा निवासी मोगा पंजाब का रहने वाला है। गत रविवार को क्राइम युनिट गन्नौर से सहायक उप निरिक्षक जसबीर ने गुप्त सूचना पर अपनी पुलिस टीम के साथ औद्योगिक क्षेत्र बड़ी में गेट नंबर 2 के पास से राजवीर उर्फ मीठा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके बेग से दो पिस्तौल व तीन गोलियां बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ थाना बड़ी में केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर आदेशानुसार जेल भेज दिया।

### पाइप ठीक करते समय सीढ़ी से गिरा, मौत

**गन्नौर।** बेगा रोड पर हनुमान नगर कालोनी में एक 42 वर्षीय व्यक्ति की सीढ़ी से गिर कर मौत हो गई। सूचना के बाद थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। हनुमान नगर कालोनी के रहने वाले 42 वर्षीय सुभाष अपने घर के बाहर गली में एसी की पाइप ठीक करने के लिए सीढ़ी पर चढे.थे। इस दौरान अचानक सीढ़ी टूट गई और सुभाष सीढी से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद स्वजन उसे उपचार के लिए पानीपत के निजी अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### रुपये व गहने चोरी के मामले में आरोपी पकड़ा

**गन्नौर।** थाना गन्नौर की पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर रुपये व गहने चोरी करने की घटना मे संलिप्त एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हरिपाल उर्फ छोटू निवासी पांची जाटान का रहने वाला है। 10 मई को अमित निवासी पांची जाटान ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि उनकी अनुपस्थिती में उसके घर में घुस कर चोर मकान में रखे 15 हजार व जवहरात चोरी कर के ले गए। शिकायत पर थाना गन्नौर में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले आरोपित मोनू को गिरफ्तार कर चोरी किए गए गहने बरादम कर लिए। अब पुलिस ने आरोपित हरिपाल उर्फ छोटू को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।

## समस्या उजागर होने के बाद जागा एचएसआरडीसी

# करोड़ों से बने अंडरपास से निकाला पानी, दो पहिया वाहन चालक परेशान

- गन्नौर-सोनीपत सड़क मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के पास बना अंडरपास बना मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर- सोनीपत सड़क मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के पास बने अंडरपास में भरे बरसात के पानी की समस्या उजागर होने के बाद एचएसआरडीसी विभाग जागा है। विभाग द्वारा सोमवार को अंडरपास में भरे पानी को निकालने का ट्रैक्टर की मदद से सक्शन पंप में पानी डालकर आवागमन के लिए प्रयास किया लेकिन दूसरे दिन कीचड़ ज्यादा होने की वजह से चार पहिया वाहन चालक ही निकल पाए।

दुपहिया वाहन चालकों को दूसरे रास्ते का आवागमन के लिए सहारा लेना पड़ा। ऐसे में दुपहिया वाहन चालक संबधित विभाग व प्रशासन को कोसते नजर नजर आए कि करोड़ों रूपयें खर्च करने के बाद भी ये हाल है। ग्रामीण प्रवीन मलिक, सुरेश, सतबीर, विकास ने बताया कि अंडर पास में निर्माण कार्य पूरा होने के करीब दो साल से बरसात होने व कई बार बिना बरसात के भी दिवारों से पानी आकर भर जाता है। उन्होंने बताया क्रि लाखों रूपयें ताक विभाग ने बरसात के पानी को भरने से रोकने के लिए टीन शैड पर खर्च किए है। पूरे अंडरपास को टीन शैड लगाकर कवर किया है। उसके बाद भी ये हाल है। बिना बरसात के पानी भरने पर विभाग के अधिकारियों का कहना कि पानी अंडरपास के साइड में बनी दीवारों से रिसकर आ जाता है और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।


करोड़ों की लागत से बना था अंडरपास, वाहन चालक होते हैं परेशान
अंडरपास में निर्माण के बाद से दो साल से बरसात में भरता है पानी

### एंजेसी की फाइल पैमेंट भी रोकीः अधिकारी

एचएसआरडीसी के अधिकारी नरेश ने बताया कि अंडरपास में भरे पानी को बाहर निकाल दिया है। बार- बार पानी भरने की समस्या के समाधान के लिए स्थाई समाधान निकाल रहे है। उन्होंने बताया कि अंडरपास का निर्माण करने वाली एंजेसी की फाइल पैमेंट भी रोकी गई है।

# ताइक्वांडो में छाया साउथ पॉइंट का छोरा, जीता सोना

- प्रथम धर्मप्रकाश आर्य मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा के साथ पदक दिखाता शिवम।

साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ी शिवम ने प्रथम धर्मप्रकाश आर्य मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता प्रताप सिंह मैमोरियल स्कूल, खरखौदा में 24 मई को आयोजित की गई थी। पदक जीतकर लौटे विजेता खिलाड़ी का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि प्रथम धर्मप्रकाश आर्य मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विभिन्न स्थानों से करीब 150 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की थी। साउथ पॉइंट स्कूल से 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय के छात्र शिवम पुत्र विमल कुमार ने अंडर-17 आयु वर्ग के 57 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतिभागिता की और अपना शानदार खेल दिखाया। शिवम ने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।

चेयरमैन ने विजेता खिलाड़ी को जीत की बधाई दी और अन्य खिलाड़ियों को किसी ने किसी खेल में प्रतिभागिता की। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने बताया कि संस्थान में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही खेलों में भी आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान किए जाते हैं। विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। यही कारण है कि यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी पढ़ाई के साथ ही खेलों में भी अपना, परिवार का और संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डा. ममता सचदेवा ने भी पदक विजेता को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रउन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों में भी विद्यार्थी अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। इसलिए हर विद्यार्थी अपने मनपसंद खेल में भाग लें।

# ऑटो व कार की भिड़ंत में ऑटो चालक की मौत, छह घायल

- राहगीरों व पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना





जींद-गोहाना मार्ग स्थित बुटाना गांव के निकट आटो व कार में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों में सवार छह लोग घायल हो गए जबकि आटो चालक की मौत हो गई। कार में चार युवक सवार थे। राहगीरों व पुलिस ने घायलों को वाहनों से निकालकर गोहाना के नागरिक अस्पताल भिजवाया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

राणा खेड़ी का अशोकसब्जी बेचता था। सोमवार सुबह लगभग सवा 11 बजे वह आटो में गेहूं व बाजरा भरकर गोहाना के लिए चला। आटो में पत्नी अमृता और गांव राणा खेड़ी का मोती भी सवार था। सुबह लगभग साढ़े 11 बजे जब वे जींद-गोहाना मार्ग स्थित बुटाना गांव के निकट पहुंचे तो गोहाना की तरफ से तेज रफ्तार कार टाटा पंच और आटो में सीधी टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहन सडक़ के किनारे गड्ढों में उतर गए और परखच्चे उड़ गए। अशोक की मौके पर मौत हो गई। कार में सवार चार युवक और आटो में सवार अमृता व मोती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर बरोदा थाना के अंतर्गत बुटाना चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों और पुलिस ने घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहां पर कार सवार घायलों की पहचान गांव भंभेवा के प्रिंस, अंकित, अक्षय और गांव सिवानामाल के मोहित के रूप में हुई। चारों युवकों, अमृता व मोती को प्राथमिक उपचार के बाद भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। अशोक सब्जी बेचकर अपने परिवार का खर्च चलाता था और उसके तीन बेटे हैं। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया है। गांव राणा खेड़ी के सरपंच पालेराम ने कहा कि कार 120 किलोमीटर से अधिक गति से दौड़ाई जा रही थी। कार टक्कर लगने के बाद आटो को दूर तक घसीट कर ले गई। बरोदा थाना की पुलिस जांच कर रही है।

### दुष्कर्म की वारदात में शामिल आरोपित धरा

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गुड्डू निवासी अररिया बिहार हाल में शिव कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 20 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

#### जेल भेजा

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक कुलदीप की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# धार्मिक कार्यक्रमों से होता है हमारा आध्यात्मिक विकास : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



- मकीमपुर में दादा खेड़ा व गांव जाट जोशी में धार्मिक स्थल पर भंडारा व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

राई। विधायक को भंडारे में गांव की समस्या से अवगत करवाती महिलाएं।

सोमवार को ज्येष्ठ की अमावस्या के अवसर पर मकीमपुर गांव में दादा खेड़ा व गांव जाट जोशी में गांव के धार्मिक स्थल पर विशाल भंडारा व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे में राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने शिरकत की और दादा खेड़े पर माथा टेक क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। विधायक कृष्णा गहलावत ने धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन पर ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से गांव में लोगों की धार्मिक भावना बढ़ती है।

विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संदेश में कहा कि धार्मिक कार्यक्रम भंडारे जैसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेकर हम अपने समाज को मजबूत बना सकते हैं और एक दूसरे के साथ जुड़ सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से हमारा आध्यात्मिक विकास होता है और हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

धार्मिक कार्यक्रम भंडारे जैसे आयोजनों में भाग लेकर हम अपने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। भंडारे में ग्रामीणों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को आयोजित करने और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि वे अपने समाज को मजबूत बनाने और एक दूसरे के साथ जुड़ने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

इस मौके पर अनिल मलिक, कृष्ण हुड्डा, दयानंद,अंकित पहलवान, दीपक आंतिल, दीपक मुकीमपुर, नरेंद्र ,जेपी रेवली, राम सिंह, आजाद आदी गणमान्य लोग मौजूद थे

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात व पैसे चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, तीस हजार रुपये बरामद

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र में मकान का ताला तोड़कर रुपये व जेवरात चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हिमांशु निवासी तारा नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की नकदी से तीस हजार रुपये बरामद किए है। कलावती विहार निवासी एक महिला ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग में कार्य करती है। वह सुबह ड्यूटी पर चली गई थी। बाद में उनके पति और बेटा भी बाहर चले गए। दोपहर को उनके पति प्रदीप घर लौटे तो कमरों के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर जांच की तो अलमारी में रखे 55 हजार रुपये, गले का चांदी का सेट, नोज पीन, नाक की बाली, सोने की कानों की दो बाली भी गायब थी। जांच की तो पता चला कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुआ था। शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक संजय की टीम ने कार्यवही करते हुए दो नाबालिगों को पहले काबू कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की नकदी से तीस हजार रुपये बरामद किए है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# एबीवीपी सोनीपत का जोरदार प्रदर्शन अशोका प्रशाशन ने मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) सोनीपत इकाई द्वारा अशोक विश्वविद्यालय के उस प्रोफेसर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिसने भारत-पाक तनाव के दौरान भारतीय सेना एवं भारत देश के विरुद्ध आपत्तिजनक और राष्ट्र विरोधी टिप्पणी की थी। यह बयान न केवल सेना का अपमान था, बल्कि देश की एकता और अखंडता पर भी सीधा प्रहार था। उक्त प्रोफेसर को भले ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय से अंतरिम ज़मानत प्राप्त हुई हो, लेकिन एबीवीपी का स्पष्ट मानना है कि वह दोषी है।

दुखद है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने न केवल उसके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की, बल्कि उसके पक्ष में खड़ा होकर राष्ट्रविरोधी मानसिकता का समर्थन किया है। यह कृत्य राष्ट्रभक्ति के मूल्यों के विरुद्ध है और इसकी एबीवीपी कड़े शब्दों में निंदा करती है। इस प्रदर्शन में एबीवीपी हरियाणा के प्रदेश मंत्री राहुल वर्मा, विभाग संयोजक रोहन, जिला संयोजक अभिषेक, कर्ण, लवप्रताप सहित लगभग 500 कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध नारेबाज़ी की। वहीं विश्वविद्यालय प्रशाशन ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से सभी मांगों को लेकर 2 दिन का समय मांगा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए गए, तो एबीवीपी प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा हुआ घायल

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने धार्मिक स्थल से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गएं घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नरेला दिल्ली निवासी राजेश चौहान ने बताया कि उसका बेटा नकुल (20) पढ़ाई करता था। वह अपने दोस्त जतिन के साथ पानीपत के चुलकाना धाम पर आया हुआ था। धाम से दर्शन करने के बाद वापस लौटते समय मुरथल फ्लाई ओवर पर पहुंचे। जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने नकुल को मृत घोषित कर दिया।



### विधायक देवेंद्र कादियान ने खेड़ी तगा में महर्षि वाल्मीकि भवन की रखी आधारशिला

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने शाहपुर तगा गांव में महर्षि वाल्मीकि भवन की आधारशिला रखी। कार्यक्रम महर्षि वाल्मीकि भवन कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया गया। भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रुपए की राशि पहले ही समिति को दी जा चुकी है। भवन बनने के बाद धार्मिक आयोजन किए जा सकेंगे। समारोह में पहुंचने पर समिति पदाधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भवन से समाज को धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए स्थान मिलेगा। विधायक ने कहा की क्षेत्र में सड़क, सीवरेज, पानी, बिजली, शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जनहित के कार्यों को समय पर पूरा करें। समिति अध्यक्ष मुकेश सौदा ने बताया कि बागवानी मंडी के लिए जमीन अधिग्रहण में मंदिर की जगह मंडी क्षेत्र में चली गई थी। इससे समाज को परेशानी हो रही थी। विधायक कादियान के प्रयासों से मंदिर की जगह का तबादला कर करीब 6 मरले जमीन दी गई है। वहां मंदिर अब जल्द बन कर तैयार हो जाएगा।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक

# बैठक में प्राप्त 11 आवेदनों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

अनुसूचित जातियों और जनजातियों के अधिकारों की रक्षा तथा अत्याचारों की रोकथाम हेतु गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन आज लघु सचिवालय में हुआ, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने की। बैठक के दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त कुल 11 आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य पीड़ित वर्ग को केवल कानूनी सहायता देना ही नहीं, बल्कि आर्थिक सहयोग भी प्रदान करना है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि जैसे ही किसी मामले की एफआईआर दर्ज होती है, उसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दी जाए ताकि पीड़ित को समय रहते राहत दी जा सके। उपायुक्त ने कमेटी के सभी गैर-सरकारी सदस्यों एवं संबंधित विभागों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित इनका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर एसीयूटी योगेश दिल्हौर, जिला कल्याण अधिकारी पवन कुमार, लेखाकार दीपक शर्मा सहित कमेटी के अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाल भवन इंटरनेशनल में छात्रों ने डोमिनोज पिज्जा में सीखी पिज्जा बनाने की कला



**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों ने हाल ही में डोमिनोज पिज्जा आउटलेट का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने पिज्जा बनाने की प्रक्रिया को न केवल देखा, बल्कि उसमें सक्रिय रूप से भाग भी लिया। डोमिनोज पिज्जा के प्रशिक्षकों ने बच्चों को पिज्जा निर्माण की विभिन्न चरणों जैसे आटा गूंथना, सास लगाना, टापिंग्स सजाना और ओवन में पिज्जा पकाना के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य जय भारत गुप्ता ने डोमिनोज पि'जा टीम का आभार जताते हुए कहा कि यह भ्रमण बच्चों को किताबों से परे जाकर सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।